तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 28 मार्च 2026

11 फूलों की बारिश के बीच निकली प्रभु श्रीराम की...



12 डांगनबाय में जंवारा विसर्जन, शोभायात्रा...





### पर्व : जय माता दी और जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा

# रामनवमी पर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन शुक्रवार को रामनवमी का पावन पर्व पूरे नगर में श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के अद्भुत संगम के साथ मनाया गया। सुबह होते ही देवी मंदिरों के कपाट खुलते ही भक्तों की लंबी कतारें लग गईं और दिनभर दर्शन-पूजन का सिलसिला चलता रहा। नगर के हर प्रमुख मंदिर में श्रीरामनवमी का उत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया, जहां हवन-पूजन, कन्या भोज और भंडारे के माध्यम से श्रद्धालुओं ने आस्था का परिचय दिया। मंदिर परिसरों में "जय माता दी" और "जय श्रीराम" के गगनभेदी जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु पूरे दिन पूजा-अर्चना में लीन नजर आए, वहीं शाम होते-होते मंदिरों में भीड़ और अधिक बढ़ गई। प्रसाद ग्रहण करने के लिए लोगों की लंबी कतारें लगी रहीं और हर कोई इस पुण्य अवसर का हिस्सा बनने को उत्सुक दिखा।

रामनवमी के इस विशेष अवसर पर नगर के प्रसिद्ध शिव दुर्गा मंदिर में गरियाबंद मित्र मंडली समितियों द्वारा भव्य महाआरती और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। महाआरती के दौरान सैकड़ों दीपों की रोशनी और भक्ति गीतों ने माहौल को और भी दिव्य बना दिया। इसके पश्चात प्रसाद वितरण शुरू हुआ, जिसमें करीब एक हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

**1500 से अधिक श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद**– भंडारे को सफल बनाने में पुरुषों के साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। आयोजन समिति के अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से उनकी मित्र मंडली द्वारा शिव मंदिर प्रांगण में यह आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इस वर्ष भी 1500 से अधिक श्रद्धालुओं ने हलवा, पूरी, चावल और सब्जी का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ लिया। भंडारे की सबसे खास बात यह रही कि पूरी समिति एक परिवार की तरह जुटी नजर आई। यहां किसी ने केवल जिम्मेदारी नहीं निभाई, बल्कि हर सदस्य ने सेवा को अपना कर्तव्य मानकर पूरे मन से काम किया। महिला, पुरुष और बच्चे-सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सुबह से लेकर देर शाम तक सेवा का यह सिलसिला निरंतर चलता रहा। रसोई से लेकर वितरण तक हर व्यवस्था समिति के लोगों ने स्वयं संभाली। कहीं महिलाएं पूरे उत्साह के साथ पूड़ी बेलती नजर आईं, तो पुरुष प्रसाद तैयार करने और परोसने में जुटे रहे। वहीं छोटे-छोटे बच्चे भी पीछे नहीं रहे कोई पानी पिलाता दिखा, तो कोई पत्तल बिछाकर आने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत करता नजर आया। पूरे दिन मंदिर परिसर में सेवा, समर्पण और अपनत्व का ऐसा भाव देखने को मिला, मानो यह आयोजन नहीं बल्कि एक बड़ा पारिवारिक उत्सव हो। हर चेहरे पर संतोष और श्रद्धा झलक रही थी, जिसने भंडारे को सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सहयोग की मिसाल बना दिया।

**नगर में भक्तिमय माहौल**– पूरे नगर में दिनभर भक्ति, सेवा और उत्साह का माहौल बना रहा। रामनवमी के इस पर्व ने एक बार फिर गरियाबंद की धार्मिक एकता और सामूहिक आस्था की झलक प्रस्तुत की, जहां हर गली-मोहल्ला श्रद्धा और उल्लास से सराबोर नजर आया। इस अवसर पर अतुल गुप्ता, ऋषिकांत मोहरे, सुमित पारख, आशीष तिवारी, सीनू ठाकुर, जीतू सेन, सुब्रत पात्र, पित्तू देवांगन, भरत दीवान, तरुण ठाकुर, ललित साहू, नरेन्द्र पांडे, क्षितिज गुप्ता संजय कश्यप, निरंजन प्रधान, बाबू भोषले, वैभव ठक्कर, शत्रुघ्न साहू, सूरज सिन्हा सत्य प्रकाश मानिकपुरी,दीनू निर्मलकर पुजारी खड़ानन्द प्रसाद दुबे,,वर्षा तिवारी, साधना सेन, सोनी साहू, शालू मोहरे, मनीषा गुप्ता, दिव्या देवांगन, पूनम पारख, विभा कश्यप, संगीता साहू,प्राची कुटारे,अनिता शांडिल्य गुरनूर कुजरेजा मृणाली सोनवानी मौजूद रहे।

### महाआरती भंडारों में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद





### शोभायात्रा में कटप्पा और रावत नाचा रहा आकर्षण का केंद्र

**फिंगेश्वर।** नगर में 26 मार्च को रामनवमी का पर्व विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृत्व शक्तिया एवं समस्त सनातन धर्मावलंबियों के द्वारा हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। डीजे की धुन मे भगवान श्रीराम चंद्र एवं पंचमुखी हनुमान की शोभायात्र मे बड़ी संख्या मे लोग उमड़ पड़े। रामनवमी पर्व पर नगर के सरस्वती शिशु मंदिर से संध्या 6 बजे भगवान की शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें युवा डीजे के धुन एवं जय श्रीराम के नारों से थिरकते हुए शामिल हुए। हाथों में धर्म ध्वजा लेकर युवा, सनातनी एवं मातृत्व शक्तियों का काफिला नगर के चौक चौराहों से गुजरे। शोभायात्रा में कटप्पा एवं गुरिल्ला, पंडया आकर्षण का विषय रहा जिनके नृत्य पूरे वातावरण को रोमांचित कर दिया। शोभायात्रा में रावत नाचा भी विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। इस अवसर पर यातायात एवं शांति व्यवस्था को लेकर फिंगेश्वर पुलिस बल तैनात रहे।



## खबर संक्षेप



### नवविवाहिता ने ससुराल में फांसी लगाकर दी जान

**फिंगेश्वर।** एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। शादी के महज 12 दिन बाद 23 वर्षीय महिला ने अपने ससुराल के टॉयलेट में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद दोनों परिवारों में मातम पसरा हुआ है। घटना की सूचना पर मगरलोड पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम खैरझिटी की रहने वाली नूतन दीवान (23वर्ष) की शादी 12 मार्च को मगरलोड क्षेत्र के ग्राम छोटी करेली निवासी कामेश कंवर (दीवान) के साथ सामाजिक रीति–रिवाजों के साथ संपन्न हुआ था। शादी के बाद वह ससुराल में ही रह रही थी। गुरुवार को नूतन ने घर के टॉयलेट में फांसी लगा ली। परिजनों ने जब उसे देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची मगरलोड पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### चलती कार में लगी आग चालक ने कूदकर बचाई जान



**राजिम।** शुक्रवार को दोपहर राजिम-फिंगेश्वर मुख्य सड़क मार्ग पर ग्राम किरवई के पुजेरिन दाई मंदिर के पास एक चलती हुई कार में अचानक आग लग गई। गनीमत रहा कि कार चालक तत्काल नीचे उतर आया तो उसकी जान बच गई। मिनटो में ही आग की लपटें बढ़ती चली गई और कार जलकर राख में तब्दील हो गई। आग लगने का कारण क्या था यह अज्ञात है। कार चालक कहां का रहने वाला है यह भी फिलहाल पता नही चल पाया है। मौके पर लोगो की भारी भीड़ लग गई लेकिन सभी असहाय नजर आए।

### भूमिका ध्रुव का नवोदय में चयन



**कोपरा।** ग्राम पंचायत जेंजरा के आश्रित ग्राम मुड़तराई की एक छात्रा ने अपनी प्रतिभा के दम पर पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। शासकीय प्राथमिक शाला मुड़तराई के कक्षा पांचवी की छात्रा भूमिका ध्रुव पिता ईश्वर ध्रुव माता पुष्पा ध्रुव ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 85 अंक प्राप्त कर चयन सूची में अपनी जगह बनाई है। भूमिका धुव्र ने न केवल स्कूल का मान बढ़ाया है बल्कि पूरे कोपरा संकुल और विकासखण्ड फिंगेश्वर का मान बढ़ाया है। इस स्कूल की खास बात यह है कि सत्र 2018 -19 से लेकर 2025-26 तक अब तक कुल 6 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता परीक्षा में अपनी उपलब्धियां हासिल की है। जिसमें से अब तक 4 बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय के लिए और 2 बच्चों का चयन एकलव्य आवासीय विद्यालय के लिए चयन अलग-अलग वर्षों में हुआ है।

## गायत्री मंदिर के तीन कुंडीय महायज्ञ में आहुतियां दी गईं



हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

गायत्री मंदिर फिंगेश्वर में नवरात्रि एवं रामनवमी के पावन पर्व पर हवन एवं तीन कुंडिय गायत्री यज्ञ का आयोजन हुआ जिसमें नगर से एवं अन्य ग्रामों से भारी संख्या में गायत्री परिवार, नागरिक एवं महिला पुरुष उपस्थित होकर गायत्री यज्ञ में भाग लेकर पूर्णाहूति दी। मंच पर युग पुरोहित शंकर सिन्हा एवं टीम द्वारा युग निर्माण गीत प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात वेद मंत्र तथा गायत्री महामंत्र के माध्यम से हवन किया गया।शंकर सिन्हा ने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के आशीर्वाद जिनको भी प्राप्त हुआ उनका जीवन सफल हो गया।गायत्री मंत्र एक मंत्र ही नहीं बल्कि महामंत्र है युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने धरती पर स्वर्ग निर्माण के लिए नशा मुक्ति समाज का संदेश दिया है उन्होंने प्रकृति संरक्षण के लिए रामनवमी के पावन पर्व पर संदेश दिया। यज्ञ समापन पश्चात पूजा आरती के बाद सभी श्रद्धालुओं को भोग प्रसादी का वितरण किया गया। गायत्री मंदिर फिंगेश्वर के हवन एवं पूर्णाहुति कार्यक्रम में सेवानिवृत्ति विकासखंड शिक्षा अधिकारी एचएल साहू, रोशन ⏭ शेष पेज 10 पर

### संकल्प ने सात दिव्यांग जोड़ों का कराया सामूहिक विवाह

**अभनपुर।** संकल्प सेवा संस्थान राजिम के तत्वावधान में ग्राम पथर्रा (नवाडीह) में एक जन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 7 निर्धन दिव्यांग जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। इस अवसर पर थनौद स्थित 211 वाहिनी केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल के कमांडेंट विजय प्रताप द्वारा नवविवाहित जोड़ों को हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं तथा उपहार भेंट किए गए। उनके साथ सहायक कमांडेंट संतोष कुमार एवं सुबेदार मेजर मेहर सिंह द्वारा भी नवदंपत्तियों को बधाई देते हुए उपहार प्रदान किए गए। कमांडेंट विजय प्रताप ने संकल्प सेवा संस्थान, राजिम द्वारा आयोजित इस प्रेरणादायक पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज के कमजोर वर्ग को समान अवसर प्रदान कर सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। यह पहल निश्चित रूप से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य कर रही है।

### राजिम सहित ग्रामीण अंचलों में जंवारा विसर्जन

## नम आंखों के साथ माता को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर राजिम नगर सहित आसपास के समूचे ग्रामीण अंचलों में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अदभुत संगम देखने को मिला। नौ दिनों तक चली माता रानी की आराधना के बाद शुक्रवार को पूरे विधि-विधान के साथ जवारा विसर्जन का भव्य आयोजन किया गया। सुबह से ही मंदिरों और गांवों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। दोपहर बाद नगर और गांवों से जवारा विसर्जन शोभायात्रा निकाली गईं, जिनमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों, जस गीत से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। महिलाएं, पुरुष माता रानी की भक्ति में लीन नजर आए। विसर्जन यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों और ग्रामीण क्षेत्रों से गुजरते हुए निर्धारित स्थलों की ओर बढ़ी। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने आरती उतारकर माता का स्वागत किया और सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान आस्था का विशेष दृश्य तब देखने को मिला, जब कई युवक-युवतियों पर देवी स्वरूप आने की मान्यता के चलते वे ⏭ शेष पेज 10 पर







**खबर संक्षेप**

## मंदिरों का होगा जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा धमतरी विधानसभा अंतर्गत विभिन्न धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इस अंतर्गत सोमेश्वर महादेव मंदिर (ग्राम पंचायत सोरम) में स्टील ग्रील एवं जीर्णोद्धार कार्य के लिए 5 लाख रुपये, अखाड़ा मैदान हनुमान मंदिर (लीलर) में सौंदर्यीकरण कार्य के लिए 5 लाख रुपये, बाजार चौक शिव मंदिर (बोड़रा स) में मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण के लिए 5 लाख रुपये, शिव मंदिर मड़ाईभाठा (भोयना) में मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण के लिए 5 लाख रुपये तथा ग्राम पंचायत सेमरा डी के शिव मंदिर में जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य हेतु 5 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। जनपद क्षेत्र के मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य की स्वीकृति मिलने पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती अंगिरा ध्रुव ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह स्वीकृति क्षेत्र की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक पहचान को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## अधिवक्ता की मृत्यु सहायता राशि 2.50 लाख मिलेगी

**धमतरी।** छग के अधिवक्ताओं की सुरक्षा एवं कल्याण से जुड़ी महत्वपूर्ण मांग सहायता राशि प्रोटेक्शन बिल को लेकर विधिक्य परिषद की आमन्यास समिति की बैठक 22 मार्च को प्रदेश के विधि मंत्री गजेन्द्र यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति एवं महाधिवक्ता छग के विधि परिषद के अधिकारी, वित्त विभाग, भारतीय जीवन बीमा निगम और अन्य बैंकों के वरिष्ठ सदस्य मौजूद थे।



## चरौदा में भक्ति और उल्लास के साथ जंवारा विसर्जन



**छुईहा बेलर।** चैत्र नवरात्र के नौदिवसीय अखण्ड ज्योतिज्वारा का समापन शुक्रवार को भव्य विसर्जन के साथ हुआ। ग्राम चरौदारोहित ध्रुव यशोदा ध्रुव शिक्षक दम्पति, पूर्व जनपदसदस्य गयाबाई ध्रुव, रामप्रसाद ध्रुव एवं बिजे विश्वकर्मा, महेश विश्वकर्मा के निवास से सजी शोभायात्रा निकली गई। जस गीत सेवा समीति, ग्राम बैगा, पंडा की अगुवाई में मुख्य जोत कलश धारक मय ज्वारा श्रद्धालु मौली माता की परिक्रमा कर ज्वाराकलश को गांवतालाब तक ले गए। मार्ग में माता की शिरहा चढ़े की शौर्यप्रदर्शन, माताजसगीत और मांदर,चांग,ढोल की गूंज से पूरा चरौदा उमड़ पड़ा। बालवृद्ध, महिलापुरुष, पासपड़ोस के गांवों के लोग साथसाथ चले। तलाब पानीमें विसर्जन होते ही तो आरतीध्वनि के बीच नौ दिन तक सेवा कर रहे परिवार की आँखों में आंसू और चेहरे पर भावसमर्पण साफ झलक रहा था। नवरात्रव्रत की यह विदाई केवल अनुष्ठान नहीं, गांवमन की एकसुरभक्ति का दृश्य बन गई।

# गबन मामला; धान खरीदी केंद्र कुरचुंडी का प्रभारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

कृषि साख सहकारी समिति कुरचुंडी में हुए धान खरीदी गबन मामले में एफआईआर दर्ज होने के पश्चात फरार प्रभारी क्षमानिधि साव को बसना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। बता दें कि तहसीलदार के निर्देशानुसार राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं मंडी की संयुक्त जांच टीम द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया था। भौतिक सत्यापन के दौरान 3325 बोरी धान की कमी पाई गई थी। कुरचुंडी धान खरीदी प्रभारी के विरुद्ध बसना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(5) के तहत मामला दर्ज किया गया था। उल्लेखनीय है कि जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और किसान हितैषी बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सख्त रुख अपनाते हुए लगातार कड़ी और निर्णायक कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर धान उपार्जन केंद्र कुरचुंडी में प्रशासन द्वारा गठित जांच दल की विस्तृत जांच प्रतिवेदन में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि धान खरीदी प्रभारी क्षमानिधि साव द्वारा धान खरीदी नीति 2025–26 का घोर उल्लंघन करते हुए केंद्र के धान स्टॉक में 3325 बोरी धान की कमी की गई थी। यह कमी कुल 1330 क्विंटल धान की है, जिसका समर्थन मूल्य 31,50,770 रुपए, कृषक उन्नति योजना राशि 9,72,230 रुपए बाजार आंकी गई है।

अपुष्ट सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार धान खरीदी केंद्र कुरचुंडी मामले में डाटा ऑपरेटर की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। भारी मात्रा में धान की कमी यानि किसानों के पट्टे पर बगैर धान के एंट्री किया जाना ये बहुत बड़ा खेल है। समिति प्रभारी और डाटा ऑपरेटर की मिलीभगत से ही यह संभव हो पाया है। सूक्ष्मता से इसकी जांच होती है तो सच सामने आ जायेगा और डाटा आपरेटर के शामिल होने का सच सामने आ जायेगा।



**समिति में धान खरीदी को लेकर जीरो करने के एवज में खपाया जा रहा धान**

सबसे अहम पहलू यह है कि धान खरीदी केंद्र कुरचुंडी में धान की कमी को पूरा करने के लिए बाहर ओडिशा से लाकर धान लगातार खपाया जा रहा है, इससे साफ जाहिर होता है कि खरीदी प्रभारी और डाटा ऑपरेटर की भूमिका संदिग्ध है। धान खपाए जाने के संबंध में समिति प्रबंधक, ऑपरेटर ने कहा कि समिति को जीरो करना है, इसलिए धान लाकर भरपाई कर रहे हैं।

# मां महामाया मंदिर से निकली जोत-जंवारा विसर्जन यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

नगर के प्राचीन मां महामाया मंदिर से चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर जोत-जंवारा विसर्जन यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ सुबह 9 बजे निकाली गई। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी, जहां भक्तजन मां के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विसर्जन यात्रा से पहले पारंपरिक विधि-विधान के साथ बैगा द्वारा ध्वज-पताका लेकर मंदिर की परिक्रमा की गई। इस दौरान आस्था का अनोखा दृश्य देखने को मिला, जब कई श्रद्धालु जमीन पर लेट गए और बैगा उनके ऊपर से गुजरते हुए परिक्रमा करते रहे। इसे श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक माना जाता है। इसके पश्चात सेवा मंडली के नेतृत्व में बाजे-गाजे और जयकारों के बीच मुख्य जोत-जवारा विसर्जन यात्रा प्रारंभ हुई। मंदिर के पुजारी ठाकुर बलदाऊ प्रसाद ने मुख्य जोत को अपने सिर पर धारण किया, जो पूरे आयोजन का केंद्र रहा। उनके साथ नगर के सैकड़ों श्रद्धालु भक्ति भाव से यात्रा में शामिल हुए। पूरे मार्ग में भक्तों ने जय मां महामाया के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। यात्रा के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के भी उचित इंतजाम किए गए थे।



## महावीर इंटरनेशनल का रक्तदान शिविर कल



**महासमुंद।** महावीर इंटरनेशनल शाखा महासमुंद की बैठक मेघ बसंत कॉलोनी में हुई। बैठक में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत 29 मार्च रविवार को प्रातः 10:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन स्थानीय शांतिनाथ जैन भवन में किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 31 मार्च को महावीर जन्म कल्याणक दिवस के अवसर पर स्वर्गीय निर्मला देवी श्रीश्रीमाल की स्मृति में श्रीश्रीमाल परिवार महासमुंद के सहयोग से शहर में ग्रीष्मकालीन चलित प्याऊ का शुभारंभ एवं संचालन किया जाएगा। इसी दिन दोपहर 3 बजे शासकीय अस्पताल महासमुंद में फल वितरण एवं बेबी किट वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। बैठक में संस्था के अध्यक्ष हेमंत मालू, सचिव रविंद्र लूनिया, सहसचिव प्रतीक चोरड़िया, कोषाध्यक्ष दिलीप चौरडिया सहित सुभाष बाफना, रमेश सांखला, दिलीप बुरड़, धीरज चोपड़ा, निर्मल चोपड़ा, रूपेश सुराणा, मुकेश चौरडिया, सम्यक चोपड़ा, विनय झाबक, प्रदीप बुरड़, संजय मालू आदि उपस्थित थे।

## रामनवमीं पर सजी भक्ति की संध्या, मानस पाठ से गूंजा जगन्नाथ मंदिर परिसर





हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

रामनवमी पर्व पर ग्राम बलौदा के जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में आयोजित रामचरित मानस पाठ एवं भजन संध्या ने पूरे गांव को भक्तिमय बना दिया। आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए और देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे। कार्यक्रम में रामसंदेशा मानस मंडली कुम्हारी एवं तुलसी मानस मंडली पिरदा द्वारा प्रस्तुत किए गए भजन एवं मानस पाठ ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति ने ऐसा समां बांधा कि पूरा मंदिर परिसर जय श्री राम के जयघोष से गूंज उठा।

शाम 7 बजे प्रभु श्री राम की आरती श्रद्धा और उत्साह के साथ हुई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बलौदा की सरपंच सरस्वती सरोज सेठ, महालक्ष्मी सेवा समिति बलौदा की संस्थापक नीलम प्रवीण प्रधान सहित अनेक नागरिकों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। आयोजन को सफल बनाने में जगन्नाथ मंदिर समिति बलौदा के अध्यक्ष राधेश्याम दास, पूर्णचंद्र सेठ के साथ सरस्वती शिशु मंदिर बलौदा के आचार्यगण सरोज डडसेना, आशीष डडसेना, अश्विनी सेठ, बबलू प्रधान का सराहनीय योगदान रहा। इस धार्मिक आयोजन ने ग्रामवासियों के बीच आस्था, एकता और सांस्कृतिक परंपरा को और भी मजबूत किया।



## महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों के केवाइसी के लिए दिया प्रशिक्षण

**महासमुंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देश के परिपालन में जिले के महतारी वंदन के समस्त हितग्राहियों का ई-केवायसी किया जाना है, इसी कडी में जिले के 3 लाख 26 हजार 814 हितग्राहियों का ई-केवायसी 01 अप्रैल से 30 जून 2026 तक जिले के समस्त सीएससी में किया जाएगा। केवायसी करने के लिए जिले में कार्यरत वीएलई को विभिन्न तिथियों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महासमुंद विकासखंड अंतर्गत कार्यरत समस्त वीएलई को जनपद पंचायत के सभागार में प्रशिक्षण दिया गया है। जिसमें ई-डिसिट्रिक्ट मैनेजर, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं उपस्थित हुई। शासन के मंशानुरूप 27 मार्च को महासमुंद, 28 मार्च को बागबाहरा, 30 मार्च को पिथौरा, 31 मार्च को बसना एवं 01 अप्रैल को सरायपाली में प्रशिक्षण होगा।

## पश्चिम बंगाल में अपने प्रभार क्षेत्र में विधायक योगेश्वर कर रहे प्रचार, कहाः पश्चिम बंगाल में बनेगी भाजपा की सरकार

**महासमुंद।** महासमुंद के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को भाजपा संगठन केंद्रीय नेतृत्व की ओर से पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें बोलपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। वे लगातार भाजपा प्रत्याशी दिलीप कुमार घोष के समर्थन में प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी। यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता जान चुकी है कि प्रदेश को विकास की राह में वापस लाना है, भयमुक्त प्रदेश बनाना है तो भाजपा की सरकार बनानी पड़ेगी। टीएमसी की सरकार ने पश्चिम बंगाल की जनता को विकास से दूर रखा है। प्रदेश में अपराध बढ़ता जा रहा है। इससे लोग उनकी सरकार से परेशान हो चुके हैं। आगे कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पश्चिम बंगाल में अच्छा प्रदर्शन किया था। अब उसे आगे जारी रखते हुए भाजपा सरकार को पश्चिम बंगाल की सत्ता में काबिज करना है। बता दें कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा अपने प्रभार क्षेत्र में सक्रिय रूप से आमजन के बीच पहुंच रहे हैं। साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भर रहे हैं। साथ ही जनता के बीच पहुंचकर भाजपा सरकार के कार्यों को बता रहे हैं। केंद्र की लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दे रहे हैं। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को धन्यवाद ज्ञापित किया है कि उन्हें जिम्मेदारी दी गई है। वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से कर रहे हैं, इसलिए परिणाम भाजपा के पक्ष में ही आएगी।



# पालिका में विकास धीमा, पार्षद ने सौंपा ज्ञापन और दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

नगर पालिका परिषद अभनपुर में विकास कार्यों की धीमी गति और अव्यवस्थाओं को लेकर पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष रूपनारायण साहू ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं पालिका सीएमओ अभनपुर को ज्ञापन सौंपकर नगर की विभिन्न समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया है। ज्ञापन में बताया गया है कि नगर क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य लंबित हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था की कमी, साफ-सफाई की खराब स्थिति, तथा अवैध अतिक्रमण जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से सामने आए हैं। इसके अलावा, पार्षद साहू ने आरोप लगाया है कि कुछ कर्मचारियों द्वारा अवैध वसूली की जा रही है, जिससे नागरिकों में असंतोष बढ़ रहा है। वार्ड क्रमांक 9 में स्वीकृत विकास कार्यों को पीआईसी द्वारा रोके जाने का भी मुद्दा उठाया गया है। वहीं, नगर में बेहतर सफाई व्यवस्था के लिए 15वें वित्त आयोग के तहत जेसीबी मशीन खरीदी जाने की मांग भी की गई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पार्षद प्रतिनिधियों का अनावश्यक हस्तक्षेप बंद किया जाए और शासन व विधायक द्वारा स्वीकृत कार्यों के कार्यादेश शीघ्र जारी किए जाएं। पार्षद रूपनारायण साहू ने स्पष्ट किया है कि यदि 10 दिनों के भीतर इन समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता है, तो नगर पालिका परिषद अभनपुर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष भरत बैंस, जनपद उपाध्यक्ष खेलू साहू,पार्षद आसकरण गिलहरे,पार्षद चंपा लेदेकर, खुशवंत सिन्हा, लिलेश सिन्हा,राजा राय,वेदप्रकाश ठाकुर, धनेश्वर साहू, झड़ी पटेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय बागवानी मिशन से किसान प्रमोद को हजारों का मुनाफा

**महासमुंद।** जिले के विकासखण्ड बागबाहरा अंतर्गत ग्राम करमापटपर (भदरसी) के किसान प्रमोद चंद्राकर ने सीमित भूमि संसाधनों के बावजूद राष्ट्रीय बागवानी मिशन के सहयोग, नवाचार और आधुनिक तकनीक व अपनी मेहनत से उद्यानिकी खेती में सफलता प्राप्त की है। चंद्राकर बताते है कि उनके पास कुल 0.41 हेक्टेयर भूमि है, जो पहले पारंपरिक रूप से धान की खेती के लिए उपयोग में लाई जाती थी। इस पद्धति में लागत अधिक और उत्पादन अपेक्षाकृत कम होता था। लेकिन, समय के साथ उन्होंने खेती में बदलाव लाने का निर्णय लिया और उद्यानिकी फसलों की ओर कदम बढ़ाया। उन्होंने ड्रिप सिंचाई जैसी आधुनिक तकनीक को अपनाया, जिससे पानी की बचत के साथ-साथ फसल की गुणवत्ता और उत्पादन में भी वृद्धि हुई। अब वे खरीफ और रबी दोनों सीजन में धनिया, प्याज और गेंदा फसलों की खेती कर रहे हैं। प्रमोद चंद्राकर बताते हैं कि उन्होंने धनिया की खेती से प्रति एकड़ लगभग 5 से 6 क्विंटल उत्पादन प्राप्त किया। इस उत्पादन से उन्हें प्रति एकड़ लगभग 50 हजार रुपए तक का मुनाफा हुआ। यह लाभ उन्हें इनपुट लागत, श्रमिक खर्च और अन्य सभी व्ययों को निकालने के बाद प्राप्त हुआ है। प्रमोद चंद्राकर की इस उपलब्धि से पूरे गांव के लोग प्रेरित हुए हैं।



पेज 9 के शेष...

### गायत्री मंदिर के...

देवागन, रामू राम साहू, जगदीश साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष धनराज सूर्यवंशी, त्रिभुवन लाल साहू, चिंता राम साहू, भोपाल राम सिन्हा, अर्जुनसिन्हा, कोमल सिन्हा, अशोक साहू, ओमप्रकाश बंछोर, हरनारायण सूर्यवंशी, अनिल चंद्राकर, अशोक साहू सहित सैकड़ो की संख्या में गायत्री परिवार परिजन एवं नागरिक महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

### नम आंखों के...

नाचते-झूमते आगे बढ़ते रहे। वहीं, जंवारा बोए माताएं भावुक होकर नम आंखों से माता रानी को विदाई देती नजर आईं। श्रद्धा और भावनाओं से ओतप्रोत यह दृश्य हर किसी को भावविभोर कर गया। अंत में तालाबों एवं निर्धारित विसर्जन स्थलों पर पूरे विधि-विधान के साथ जवारा का विसर्जन किया गया। इसी अवसर पर रामनवमी के दिन श्री राम-जानकी मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर भव्य भंडारे का आयोजन हुआ, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## संजय का यूपीएससी में चयन होने पर सम्मान

**अभनपुर।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी ) सिविल सेवा परीक्षा 2025 में 946वीं रैंक प्राप्त कर प्रदेश एवं समाज का नाम रोशन करने वाले संजय डहरिया के अभनपुर प्रथम आगमन पर सतनाम सन्देश यात्रा संघ, सतनामी समाज अभनपुर द्वारा भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उन्हें पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया तथा उनकी इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जनपद अध्यक्ष चंद्रिका बंजारे सहित राधाकृष्ण टंडन, जीतेन्द्र बंजारे, बसंत कोसरे, मुकेश ढ़ीढ़ी, नीलकमल गिलहरे, आसकरण गिलहरे, राजू बारले, देव लहरे, राजेश जोशी, सुरेश भट्ट, दीपक दीवाकर, रामचंद्र, डिगेश सोनवानी एवं धरम चंद सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### थाना प्रभारी के नेतृत्व में लोगों को पिलाई शरबत

**मैनपुर।** मैनपुर नगर मे रामनवमीं के पावन अवसर पर सुबह 10 बजे से थाना मैनपुर के सामने बस स्टैंड में थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा के नेतृत्व मे शरबत वितरण किया गया। हजारों लोगों को ठंडा शरबत वितरण किया गया। इस दौरान हुलार ठाकुर, जाकिर रजा, अरूण यादव एवं पुलिस विभाग के स्टाफ बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### भाजपा भूमिहीन कृषि मजदूर को संबल प्रदान कर रही: संतोष


**मैनपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल मैनपुर अध्यक्ष संतोष यादव ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार मोदी की गारंटी में किए सभी वादों को पूरा कर रही हैं पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत प्रदेश के 4.95 लाख से अधिक पात्र परिवारों को प्रदेश की साय सरकार ने 495 करोड़ से अधिक की राशि



हस्तांतरित किया है। इस योजना के तहत प्रत्येक हितग्राहियों को 10 हजार प्रतिवर्ष प्रदान की जाती है पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों के आय में वृद्धि कर उन्हें आर्थिक रूप से संबल प्रदान करना है। भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव ने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार हर वर्ग का ध्यान रखती है आज साय सरकार में प्रदेश का हर वर्ग युवा, महिला, किसान सभी खुशहाल है आदिवासी अंचल के लोग भी केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा संचालित की जा रही सभी योजनाओं का लाभ ले रहे है युवाओं के कौशल विकास के लिए लगातार कार्य हो रहे हैं, महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है, प्रदेश के किसान आज अपनी उपज का उचित कीमत प्राप्त कर रहे हैं तेंदूपत्ता संग्राहक भी तेंदूपत्ता के संग्रहण के माध्यम से सरकार की योजनाओं से सशक्त बन रहे है उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऐसा कोई परिवार नहीं होगा जिन्हें भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा होगा सभी परिवार को कुछ ना कुछ योजनाओं का लाभ मिल रहा है महतारी वंदन योजना महिलाओं बहनों के लिए वरदान साबित हुआ है।

### ईश्वर लाल भाजपा कोपरा मंडल के प्रभारी बने

**फिंगेश्वर।** भाजपा जिला संगठन के द्वारा अंचल के भाजपा के वरिष्ट नेता एवं जिला भाजपा उपाध्यक्ष ईश्वर लाल साहू को कोपरा मंडल के मंडल प्रभारी बनाये जाने पर अंचल में भाजपा नेताओं में हर्ष की लहर है। कार्यर्ताओं ने कहा कि ईश्वर साहू के प्रभारी बनने पर



भाजपा मंडल कोपरा मजबूत होगी। भाजपा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला स्तर पर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।इसी कड़ी में भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने जिले के सभी मंडलों में प्रभारियों की नियुक्ति की घोषणा की है। ईश्वर लाल साहू की नियुक्ति की खबर से भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष और उत्साह का माहौल है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि उनके अनुभव और संगठनात्मक क्षमता का लाभ मंडल को मिलेगा, जिससे पार्टी की गतिविधियों को और गति मिलेगी। अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ईश्वर लाल साहू ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है वे उन पर खरा उतरेंगे।उन पर जो विश्वास जताया है, वे उस पर पूरी निष्ठ और समर्पण के साथ अपना कार्यकरेंगे।वे कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने राजिम विधायक रोहित साहू, छग राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय तथा भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में वे संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास करेंगे।

**पर्व :** जय श्री राम के जयकारों के साथ रामनवमी के शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए

# फूलों की बारिश के बीच निकली प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा, शिव-पार्वती की झांकी ने जीता दिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

भगवान श्री राम का जन्मोत्सव राम नवमी का पर्व आज शुक्रवार को मैनपुर नगर में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। रथ में सवार भगवान राम और माता सीता के विशाल प्रतिमा के साथ शोभायात्रा निकाली गई। भगवान श्रीराम की एक झलक पाने हजारो लोग उमड़ पड़े जिस जिस मार्ग से शोभा यात्रा गुजर रही है। महिलाएं आरती सजाये भगवान की पूरी श्रद्धा के साथ पूजा अर्चना कर रहे है तो पूरा नगर व क्षेत्र आज भगवान श्री राम की जय जयकारो से गुंज उठा। श्री रामसेना हिन्दु संगठन द्वारा पिछले एक पखवाड़े से मैनपुर में रामनवमी का पर्व मनाने जोरशोर से तैयारी की जा रही थी पूरे नगर व आसपास के ग्राम को भगवा ध्वज तोरण पताकों से सजाया गया आज सुबह 9 बजे श्री रामजानकी मंदिर हरदीभाठा में विशेष पूजा अर्चना किया गया एवं क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि एवं खुशहाली के लिए कामना किया गया और विशाल शोभा यात्र शाम 05 बजे ग्राम हरदीभाठा रामजानकी मंदिर से प्रारंभ हुई आकर्शक रथ मे भगवान राम एवं माता सीता की विशाल प्रतिमा के साथ शोभा यात्र निकाली गई यह शोभा यात्र हरदीभाठा ग्राम से प्रारंभ होकर शिक्षक कालोनी, गांधी चौक, दुर्गा मंच, मुख्य मार्ग बस स्टैण्ड देर रात तक दुर्गा मंदिर पहुंचेगी समाचार लिखे जाने शोभायात्र जारी है और पूरे मैनपुर नगर का भ्रमण किया जा रहा है।







### शोभायात्रा में भारी सुरक्षा बल तैनात

रामनवमीं पर्व शोभायात्र के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया है। थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा स्वयं कमान संभाले हुए है और चौक चौराहों में भारी संख्या मे पुलिस बल तैनात किया गया है तो वही शोभायात्र के साथ पुलिस बल साथ-साथ चल रहे है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीराम सेना हिन्दू संगठन के अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, उपाध्यक्ष प्रवीण शिन्दे, आर्यन पटेल, कोशाध्यक्ष दिनेश सचदेव, सचिव देवराम साहू, संरक्षक मोहित द्विवेदी, रूपेश साहू, नंदकिशोर चौबे, योगेश शर्मा, केशव बंछोर, लखन साहू, नरेश सिन्हा, पारस सिन्हा, हर्ष दास, रोमेश बन्छोर, चुम्मन प्रसाद पाण्डेय, गजेन्द्र यादव, सालिक राम पटेल, रामसाय निर्मलकर, भरतदास मानिकपुरी, डोमार पटेल, सवितानंद साहू, पारे"वर पटेल, अशोक ठाकुर, खेलन साहू, शेखर पटेल, तिजे"वर सोनवानी, टिकेन्द्र निर्मलकर, मनोज निर्मलकर, दिग्विजय कुमार, ऋषिकेश दास, जशवंत साहू, रोशन पटेल, पुलस्त शर्मा, यतिन्द्र साहू, हरिश यादव, कोमल पटेल, महेश साहू, दुष्यंत साहू, रवि निषाद, कुनाल ठाकुर, अमन बाम्बोड़े, सुनील बाम्बोड़े, लिबास पटेल, नरेन्द्र श्रीवास्तव, गुलशन साहू, सरपंच मालती कोर्राम एवं हजारो की संख्या में क्षेत्र के लोग शामिल है।

**भगवान श्रीराम के रथ पर फूलों की बारिश–** भगवान श्री राम की शोभा यात्र मे डीजे के भक्तिमय धुंन मे युवागण जमकर थिरकते रहे और जय जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारे लगाते रहे जगह जगह आतिशबाजी कर शोभा यात्र की जहां जगह जगह स्वागत किया जा रहा है वहीं नगर के कई स्थानो पर ठंडे पानी व महाभंडारा प्रसादी भंडारा प्रसाद वितरण किया जा रहा है। युवा हाथो मे बड़े बड़े भगवा ध्वज लहरा रहे थे पूरा नगर चारो तरफ भगवा ही भगवा नजर आ रहा था तो वहीं मोटरसायकिल रैली भी निकाली गई है। भगवान श्रीराम के रथ पर फुलो की बारिश किया जा रहा है।

**बस्तर का आदिवासी नृत्य आकर्शण का केन्द्र–** रामनवमीं शोभायात्र मे जहां एक ओर आदिवासी नर्तक दल द्वारा आकर्शक नृत्य प्रस्तुत किया जा रहा है। वहीं पहली बार मैनपुर नगर मे श्रीराम सेना द्वारा शिव पार्वती की मनमोहक झांकी मंगाई गई है। शिव पार्वती की झांकी ने भक्तो का दिल जीत लिया। शोभायात्रा के दौरान आस्था और संस्कृति के अनुठे संगम देखने को मिल रहा है भगवान भोलेनाथ की बारात एवं प्रसंग को दर्शाती झांकी मे कलाकारो द्वारा जीवंत प्रस्तुती ने सबका मन मोह लिया तो वही बस्तर के आदिवासी कलाकारो द्वारा पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुती दी जा रही है।

## जल जीवन मिशनः करोड़ों रुपए खर्च के बाद भी जनता प्यासी, गुणवत्ता ताक पर

हरिभूमि न्यूज : रसेला



क्षेत्र में हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई जल जीवन मिशन योजना अब अपने ही बोझ तले दबती नजर आ रही है। केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन बदलने वाली पहल के रूप में देखा गया था, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट दिखाई दे रही है। करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद आज भी कई गांवों में लोग पानी के लिए तरस रहे हैं, जबकि कागजों में उनके घर तक नल कनेक्शन पहुंचाने का दावा किया जा चुका है। योजना के शुरुआती चरण में संबंधित ठेकेदारो को तेजी से भुगतान किया गया। गुणवत्ता को लेकर लगातार शिकायतें सामने आती रही। ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बार बार यह आरोप लगाया कि पाइपलाइन बिछाने में मानकों का पालन नहीं किया गया,कई पर टंकियों का निर्माण अधूरा है और कई स्थानों पर कार्य केवल दिखावे के लिए किया गया है। जल जीवन मिशन के कार्यों की स्थिति को यदि एक कहावत में समझा जाए तो आगे पाट, पीछे सपाट बिल्कुल सटीक बैठती है। इस योजना का सबसे बड़ा उद्देश्य था ग्रामीणों को घर- घर पानी उपलब्ध कराना, ताकि उन्हें दूर दराज से पानी लाने की समस्या से मुक्ति मिले सके। लेकिन वर्तमान स्थिति में ग्रामीणों की परेशानी पहले जैसी ही बनीं हुई है। महिलाएं और बच्चे आज भी कई किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। नल लगे हैं, लेकिन उनमें पानी नहीं आता। इससे लोगों में आक्रोश और निराशा दोनों बढ़ रहें हैं। सरकार ने वादा किया था हर घर जल का, लेकिन हकीकत में हमें आज भी पानी के लिए भटकना पड रहा है।

## बाल विवाह मुक्त समाज का संकल्पः रामनवमी अक्षय तृतीया से पूर्व जागरूकता अभियान तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला



ग्राम पंचायत रसेला में 27 मार्च को आदेश क्रमांक 1864 के परिपालन तथा संचालक संचालनालय एवं बाल विकास विभाग एवं सचिव राज्य बाल संरक्षण समिति नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़ के अनुसार रामनवमी तथा अक्षय तृतीया के विशेष अवसर मे बाल विवाह होने की संभावना को देखते हुए विकास खंड एवं ग्राम पंचायतों स्तरीय बाल संरक्षण समिति के अध्यक्ष सरपंच और सदस्य सचिव से मिलकर जानकारी बाल विवाह के बारे में जागरूकता किया गया। बताया गया कि पंचायत को बाल विवाह मुक्त करने, 18 वर्ष से कम आयु वाली लड़की व 21 वर्ष से कम आयु वाले लडका को शादी नहीं करने की जानकारी दी गई। आगे कहा कि बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप है। इससे बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जाता है और उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं मानसिक विकास पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की वे अपने बच्चों की कम उम्र में शादी न करें और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करे। इस मौके पर उपसरपंच परमेश्वर यादव, रामेश्वर सिन्हा, खेमचंद ताण्डी, लक्ष्मण यादव, आदि मौजूद थे। इस अवसर पर उपसरपंच परमेश्वर यादव ने कहा कि सरकार द्वारा बाल विवाह रोकने के लिए सख्त कानून बनाएं गए है। बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई का प्रावधान है। साथ ही कहा कि अभी तक ग्राम रसेला में बाल विवाह का कोई भी प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। यहां हमारे लिए अच्छी बात है। आगामी अक्षय तृतीया को क्षेत्र में बाल विवाह रोकने के लिए गांव गांव जागरूकता करने की बात कही गई। कलेक्टर भगवान दास उइके के निर्देशानुसार जिले में बाल विवाह को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करने के लिए जिला प्रशासन ने महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति, चाईल्ड लाईन की संयुक्त टीम गठित की है। अफसरों के मुताबिक बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत 21 वर्ष कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम आयु किसी बालिका से विवाह करता है तो उसे 2 वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा 1 लाख रुपए जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है। कोई व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, करता है या उसकी सहायता करता है, उसे भी सजा होगी।

## सांसद रूपकुमारी ने सदन में उठाई देवभोग के एलेक्जेड्रांइट के वैज्ञानिक सर्वे की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद/मैनपुर

महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने छत्तीसगढ़ की खनिज संपदा को वैश्विक पटल पर पहचान दिलाने के लिए लोकसभा में एक बड़ी पहल की है। सांसद ने गरियाबंद जिले के देवभोग क्षेत्र में दबे दुनिया के सबसे दुर्लभ और बहुमूल्य रत्नों में से एक 'एलेक्सेंड्राइट' का मुद्दा सदन में प्रखरता से उठाया। उन्होंने केंद्र सरकार का ध्यान इस बेशकीमती रत्न की उपेक्षा की ओर आकर्षित करते हुए इसके वैज्ञानिक सर्वेक्षण और पारदर्शी खनन की पुरजोर वकालत की। शुक्रवार को सांसद रूपकुमारी चौधरी ने सदन के माध्यम से सरकार को अवगत कराते हुए बताया कि देवभोग का एलेक्सेंड्राइट अपनी अद्भुत रंग परिवर्तन क्षमता के लिए विश्व विख्यात है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसे (दिन में पन्ना, रात में माणिक) कहा जाता है। उन्होंने रेखांकित किया कि रूस, ब्राजील और श्रीलंका जैसे चुनिंदा देशों के बाद भारत का यह क्षेत्र इस रत्न का सबसे बड़ा संभावित केंद्र है, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाखों रुपये प्रति कैरेट तक पहुंचती है। श्रीमती चौधरी ने सदन में इस बात पर गहरा क्षोभ व्यक्त किया कि इतने महत्वपूर्ण खनिज संकेत होने के बावजूद अब तक इस क्षेत्र में अपेक्षित गति से व्यापक वैज्ञानिक अन्वेषण प्रारंभ नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि उचित सरकारी प्रबंधन और आधुनिक तकनीक के अभाव में इस बहुमूल्य राष्ट्रीय संपदा की अवैध निकासी और तस्करी की आशंकाएं बनी रहती हैं। इससे न केवल छत्तीसगढ़ को राजस्व की भारी हानि हो रही है, बल्कि एक बड़ा वैश्विक अवसर भी हमारे हाथ से निकल रहा है। सांसद ने इस मुद्दे को सीधे तौर पर स्थानीय रोजगार और विकास से जोड़ा। उन्होंने तर्क दिया कि यदि केंद्र सरकार इस क्षेत्र में पारदर्शी और आधुनिक खनन व्यवस्था विकसित करती है, तोः स्थानीय उत्थानः गरियाबंद और देवभोग जैसे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी।



**ग्लोबल हबः** छत्तीसगढ़ का यह अंचल अंतरराष्ट्रीय 'जेम एंड ज्वेलरी' उद्योग का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा।

**अर्थव्यवस्था को मजबूतीः** इस खनिज से प्राप्त राजस्व क्षेत्र के बुनियादी ढांचे और जन-कल्याणकारी योजनाओं को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। सदन के जरिए सांसद रूपकुमारी चौधरी ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि देवभोग क्षेत्र में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के जरिए व्यापक संसाधन आकलन कराया जाए। साथ ही, अवैध उत्खनन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अत्याधुनिक निगरानी तंत्र स्थापित करने और पारदर्शी नीलामी प्रक्रिया की दिशा में त्वरित कदम उठाने की मांग की। महासमुंद सांसद के इस प्रभावी और दूरदृष्टि पूर्ण हस्तक्षेप के बाद अब क्षेत्र के लोगों में उम्मीद जगी है कि देवभोग की यह छिपी हुई अनमोल संपदा जल्द ही राष्ट्र के विकास की मुख्यधारा में शामिल होगी।

## प्रशासन की लापरवाही से बुझ रहे घरों के चिराग : मध्यानी

**नवापारा-राजिम।** नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता धनराज मध्यानी ने एक विज्ञप्ति में कहा है कि रायपुर जिले का प्रमुख व्यावसायिक नवापारा नगर इन दिनों लगातार हो रही सड़क दुर्घटना एवं मौत पर चिंता एवं रोष जाहिर करते हुए कहा कि प्रतिबंधित समय में तेज रफ्तार हाईवा से लोगों की मौत पर शहर में दहशत का माहौल है। तेज रफ्तार हाईवा के चपेट में आकर असमय मौत से कई निर्दोष लोगों की जान जा चुकी है। कई घरों के चिराग बुझ गए है। तो कई घरों के मुख्य कमाने वाले की जान जा चुकी है। श्री मध्यानी ने कहा कि आमलोग शहर के भीतर सुरक्षित नहीं है। नगर के कई मुख्य चौक चौराहे दुर्घटनाजन्य क्षेत्र बन चुके है। रायपुर रोड, पं दीनदयाल उपाध्याय चौक, चंपारण चौक, इंदिरा मार्केट, नगर पालिका चौक, तर्री रोड, सोमवारी बाजार में बड़े भारी वाहन एवं हाईवा के चपेट में आने से कई लोगों की जान जा चुकी है। बावजूद इसके पुलिस एवं प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठी है। श्री मध्यानी ने कहा कि नगर में हाईवा एवं भारी वाहनों के जांच के लिए एक भी चेकिंग प्वाइंट नही है और न ही वाहनों के चालकों के शराब पीकर वाहन चलाने की जांच की जाती है। शहर सीमा में निर्धारित गति का कोई भी बोर्ड नहीं लगाया गया है। कहा कि सुबह 6 से रात 10 बजे हाईवा एवं भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है। बावजूद इसके चौबीसो घंटे भारी ओवरलोडेड हाईवा बेरोकटोक किसी भी समय शहर में बेधड़क दौड़ती रहती है। अधिकतर वाहन रायपुर मार्ग से आते है जहां नवापारा नगर का थाना, तहसील एवं अनुविभागीय कार्यालय स्थित है। बावजूद इसके पुलिस एवं प्रशासन को ठेंगा दिखाते हाईवा शहर में बेखौफ दौड़ती है। नवापारा शहर रायपुर,गरियाबंद, धमतरी एवं महासमुंद जिलों को जोड़ता है। मुख्य व्यावसायिक नगर, एवं शिक्षा का केंद्र होने के कारण 100 से अधिक गांव के लोगों एवं छात्र-छात्राओं का नवापारा में व्यापार एवं शिक्षा के लिए रोज हजारों लोगों का आना-जाना है।



## स्काउट्स व गाइड्स ने छुरा में किया प्याऊ घर का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़, राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा, जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद व जिला आयुक जगजीत सिंह धीर के निर्देशानुसार, जिला सचिव रोमन लाल साहू के मार्गदर्शन एवं डी ओसी स्काउट आशीष शाहू व डीओसी गाइड सीमा साहू के नेतृत्व में जिला गरियाबंद के विकासखंड छुरा में प्याऊ घर का शुभारंभ गायत्री मंदिर के पास किया गया। शुभारंभ अवसर पर उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल के प्राचार्य एन सी साहू, विकासखंड सचिव प्रेम लाल साहू, स्काउटर लॉरेंस महिलांग, सेवानिवृत प्राचार्य हरि सेवक मेश्राम, शिक्षक टीआर साहू, कन्या हॉयर सेकेंडरी स्कूल छुरा की गाइड प्रभारी हुमेश्वरी ठाकुर, गायत्री मंदिर के परिवाज्रक गण, गण मान्य नागरिक गण व गाइड रेंजर उपस्थित रहे। प्राचार्य एनसी साहू ने कहा कि जल है तो कल है। इस भीषण गर्मी में प्याऊ घर का शुभारंभ स्काउट गाइड ईकाई का यह पुनीत व सराहनीय कार्य है। स्काउट गाइड के विद्यार्थी सतत सेवा कार्य से समाज में एक संदेश देकर अपने माता - पिता, घर परिवार व स्कूल का नाम रोशन करते रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रेम लाल साहू ब्लॉक सचिव व आभार व्यक्त स्काउटर लॉरेंस महिलांगे ने किया।

## जनक ध्रुव ने रामजानकी मंदिर में टेका मत्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



रामनवमीं के अवसर पर आज पूरे क्षेत्र में अनेक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव हरदीभाठा स्थित रामजानकी मंदिर पहुंचे विशेष पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख- शांति व समृद्धि और विकास की कामना किया। साथ ही शोभायात्रा में शामिल भी हुए।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### पंडित युवराज पांडे को भेंट की गई गदा



**कोपरा।** बिया बाण जंगल में नवरात्र पर्व पर झरझरा देवी मंदिर प्रांगण में श्रीमद देवी पुराण कथा का आयोजन किया गया था जहां समापन दिवस पर मुख्य मंच में अपने कार्यकर्त्ताओं के साथ छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र युवराज पांडे कों लकड़ी के दो फिट का शक्तिशाली गदा भेंट किया और पंडित युवराज पांडे का आशीर्वाद लिया, मुख्य मंच से समस्त श्रद्धांलुओं कों संबोधित किया, इस दौरान इंद्रजीत महाडिक जिला पंचायत सदस्य, शिवांगी चतुर्वेदी सभापति जिला पंचायत गरियाबंद,हर्षवर्धन साहू, खेमचंद साहू, मनीष साहू, नेमन खुटे लक्की सोनकर, मौजूद रहे।

### मैनपुर की कमान गुरुनारायण को

**मैनपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए गरियाबंद जिले के मंडल प्रभारियों एवं सह–प्रभारियों की सूची जारी की है। इस सूची में सभी मंडलों के लिए अनुभवी पदाधिकारियों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे संगठन को बूथ स्तर तक मजबूती मिलेगी। भाजपा



जिला संगठन के जिला प्रभारी अमित चिमनीनी की सहमति से जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने मंडल के प्रभारी सह प्रभारी की घोषणा की। जारी सूची के अनुसार मैनपुर मंडल प्रभारी गुरूनारायण तिवारी को जिम्मेदारी सौपी गई है तो वही बिंद्रानवागढ़ में सुरेंद्र सोनटेके तथा इसके अलावा मंडल प्रभारी गोहरापदर में योगेश शर्मा, कांदाडोंगर में पुनीत राम सिन्हा, देवभोग में प्रभारी पदुलोचन जगत एवं सह प्रभारी सीताराम यादव तथा झाखरपारा में प्रभारी मनीष सिन्हा एवं सह प्रभारी योगीराम माखन कश्यप को संगठन की कमान सौंपी गई है। जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने सभी प्रभारियों एवं सह–प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे संगठन के विस्तार के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही संगठनात्मक गतिविधियों को गति देते हुए पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया है।

### शोभायात्रा निकालकर ज्योत जवांरा का किया विर्सजन

**अभनपुर।** चैत्र नवरात्रि के नौ दिवसीय पूजा-अर्चना और आराधना के पश्चात अब क्षेत्र में ज्योत जंवारा विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया है। नवरात्रि की समाप्ति के साथ ही अभनपुर नगर भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया। नगर के विभिन्न वार्डों की तरह वार्ड क्रमांक 10, ऊपरपारा में भी श्रद्धा और उत्साह के साथ ज्योत जंवारा विसर्जन यात्रा निकाली गई। इस दौरान महिलाएं सिर पर ज्योत जंवारा लेकर पारंपरिक वेशभूषा में शोभायात्रा में शामिल हुईं।

**मांग : ग्रामीणों ने कहा- शहर के भीतर हाईवा के प्रवेश पर तत्काल पूर्ण प्रतिबंध हो**

# नवापारा सड़क पर मौत का तांडव, बेलगाम हाईवा निगल रही जिंदगियां, नियम ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

शहर में रेत से भरे तेज रफ्तार हाईवा अब सीधे-सीधे मौत का पर्याय बनते जा रहे हैं। क्या दिन और क्या रात पूरे चौबीस घंटे हाईवा रफ्तार में चल रही है। लोगो की जान ले रही है। यह सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है। इससे समूचे शहर में आक्रोश का वातावरण व्याप्त हो गया है। गुरूवार को दोपहर शहर के मेन रोड में सुंदरकेरा के जिस अधेड़ की मौत हुई है वह काफी दिल दहला देने वाला रहा। इसके एक हप्ते पहले एक निजी हास्पिटल के पास मेन रोड में ही हाईवा से एक युवक के कुचल जाने से मौत हुई थी। कुछ महीने पहले रिलायंस पेट्रोल पंप के पास जेके टायर के सामने मेन रोड में एक महिला को कुचलते हुए हाईवा निकल गया। इस महिला की जान बची जरूर है परंतु वह अपाहिज है। इसके पहले हरिहर हायर सेकेण्डरी स्कूल के ठीक सामने सोमवारी बाजार के एक युवक की जान रेत भरी हाईवा ने ले ली थी। साल-डेड़ साल पहले नगर पालिका के पास मेन रोड में तीन लोगो की जान ऐसे ही हाईवा ने ले ली। सोमवारी बाजार से लेकर गंज मार्ग पर एक नही कई बार लोग हाईवा से चोटिल हो चुके है बवाल मच चुका है। कुछ अरसे पहले मैडम चौक के पास एक युवती को हाईवा अपनी चपेट में ले लिया जिसे घसीटते हुए राजिम के पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक तक पहुंच गया गनीमत रहा कि उस युवती की जान दो किमी घसीटने के बावजूद बच गई। छल्लानी पेट्रोल पंप के सामने एक मासूम बच्ची की मौत कुछ साल पहले हाईवा से ही हुई थी। इस तरह से कई दुर्घटनाओं को तेज रफ्तार हाइवा ने शहर के भीतर ही अंजाम दिया है। बावजूद यह सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है। उपरोक्त घटनाओं को लेकर भीड़ द्वारा जाम किया गया,टायर जलाए गए और शहर अशांत रहा। लगातार हो रहे दुर्घटनाओं और उसमें हो रही मौतो को देखते हुए शहर के लोग भयभीत हो गए है कि न जाने कब, कहां पर दुर्घटना हो जाएगा? शहर में लगातार ट्रेफिक बढ़ता चला जा रहा है। गाड़ी मोटर की रेलमपेल मची हुई है। हर कोई तेज रफ्तार में गाड़ियां दौड़ा रहे है जबकि देख रहे है कि थोड़ा सा असावधानी और लापरवाही में कितनी बड़ी दुर्घटना हो जाती है। इन दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस प्रशासन को कुछ न कुछ समुचित उपाय करना ही पड़ेगा वर्ना ऐसी दुर्घटनाएं होती रहेंगी और लोगो की जान जाती रहेगी। बता दें कि शहर के चौक-चौराहो में भी लोग अपनी गाड़ियो का रफ्तार कम नही करते। मनमाने ढंग से गाड़ी दौड़ाते है। दुपहिया सवार भी जल्दबाजी में होते है। अधिकतर दुर्घटनाओं में वे स्वयं जिम्मेदार होते है परंतु दोषी बड़ी गाड़ी वाले को माना जाता है। देखने में आता है कि सुबह से लेकर दोपहर तक मनमाने रफ्तार में आसपास के गांव से रेत लेकर पहुंचने वाले ट्रेक्टर भी होते है जिनका ब्रेक मौके पर लगता नही। कई लोग नशे में धुत होकर गाड़ी चलाते है। ऐसे वाहनों की बेलगाम रफ्तार ने आम लोगों की जिंदगी को खतरे में डाल दिया है। हाईवा चालको की बात करे तो वे शहर के बीच से निकलते हुए भी बिना किसी डर के तेज गति से वाहन दौड़ा रहे हैं। इनकी घोर लापरवाही ने अब तक कई जिंदगियां निगल चुकी है। इन घटनाओं के बावजूद न तो प्रशासन की सख्ती दिख रही है और न ही नियमों का पालन हो रहा है। हाईवा चालक नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। इससे यह सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर इन पर नियंत्रण किसका है?

**शहर में बढ़ता आक्रोश, तत्काल रोक की मांग**

लगातार हो रहे हादसों और प्रशासनिक लापरवाही से शहरवासियों में भारी आक्रोश है। लोगों ने एक स्वर में मांग की है कि शहर के भीतर हाईवा के प्रवेश पर तत्काल पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए और नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। अब वक्त आ गया है कि प्रशासन सिर्फ आदेश जारी करने तक सीमित न रहे, बल्कि सख्ती से उसका पालन भी सुनिश्चित करे। वर्ना नवापारा की सड़कों पर यूं ही मौत का तांडव जारी रहेगा। कहना न होगा कि यह शहर इन दिनों रेत के अवैध कारोबार और तेज रफ्तार हाईवा वाहनों के कारण भय और असुरक्षा के माहौल से गुजर रहा है। गरियाबंद, रायपुर और धमतरी जिलों से रोजाना करीब 500 हाईवा रेत भरकर शहर के बीचों-बीच से गुजर रहे हैं, जिससे आमजन की जिंदगी खतरे में पड़ गई है। शहर से लगे पारागांव, कोलियारी, बुड़ेनी, चौबेबांधा, सिंधौरी, बकली ,हथखोज जैसे अनेको गांव के नदी से लगातार उत्खनन कर रेत का परिवहन जारी है। सबसे



चिंताजनक बात यह है कि इन वाहनों के चालक बेलगाम रफ्तार में शहर के भीतर ही दौड़ लगा रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि स्थिति अब दहशत में बदल चुकी है। स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और बाजार आने-जाने वाले लोगों को हर समय हादसे का डर सता रहा है। कई बार लोगों ने विरोध भी जताया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। हाल ही में नवागांव-चौबेबांधा एनीकट से पानी बहा दिए जाने का मामला भी काफी चर्चा में रहा, जिसे स्थानीय लोग रेत माफियाओं की करतूत बता रहे हैं। इससे यह साफ संकेत मिल रहा है कि रेत का अवैध कारोबार केवल परिवहन तक सीमित नहीं, बल्कि जल संसाधनों को भी नुकसान पहुंचा रहा है। जनता ने गरियाबंद, धमतरी और रायपुर जिला प्रशासन के साथ-साथ माइनिंग और पुलिस विभाग से तत्काल कड़ी कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई, तो आए दिन बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कितनी तेजी और सख्ती से कदम उठाता है, ताकि नवापारा शहर में शांति और सुरक्षा रह सके।

## श्रीमद् देवी महापुराण कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोपरा



चैत्र नवरात्रि के पावन प्रकृति वादियों व शांत वतावरण मे जंगलो के बीच सात दिवसीय श्रीमद देवी महापुराण का आयोजन छत्तीसगढ़ के माटी अंतराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित युवराज पांडे का अयोजन 19 मार्च से 27 मार्च तक किया गया, इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के श्रद्धालुओं की ऐतिहासिक उपस्थिति रही जिससे पुरे वातावरण मे भक्ति की सरिता प्रवाहित होती रही, कथा व्यास पीठ पर बैठे पंडित युवराज पांडे ने अपने मुखारबिन्द से मधुर वाणी और भावपूर्ण शैली मे मां झरझरा मां भगवती की महिमा का वर्णन करते हुए श्रोताओं को आध्यात्मिक ज्ञान से अभिभूत कर दिया। उन्होंने देवी के विभिन्न स्वरूपों और उनके महत्व कों विस्तार से समझाया जिससे श्रद्धांलु भाव विभोर हो उठे उनके प्रचली देवी पचरा गीत हस के उठे माता ने लोगों कों धर्म की ओर आकर्षित किया, हजारों-लाखों की संख्या में रोजाना भक्तों की तांता कथा सुनने पहुंचते थे। अष्टमी के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री से भगवान भोलेनाथ और पार्वती विवाह का सुंदर झांकी भी प्रस्तुत किया गया लोगों में भारी आस्था और माता के प्रति लगाव ने पूरा पंडाल को छावनी में तब्दील कर दिया था लोगों के लिए बैठने की जगह नहीं बची पर्दा फाड़ कर लोग कथा सुन रहे थे। क्षेत्र के श्रद्धांलुओ के विशाल जनसैलाब ने आयोजक समिति सहित कथावक गदगद कर दिया। आयोजन के दौरान झरझरा मंदिर में भक्ति मय माहौल से सराबोर रहा, और श्रद्धांलुओ ने इसे एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव बताया। पहली बार एक साथ क्षेत्र के दिग्गज नेता कार्यकर्त्ता, कर्मचारी, अधिकारी धार्मिक आयोजन में भाग ल नवरात्र के नवमी दिवस पर श्रीमद देवी महापुराण कथा का सप्तमी दिवस कथावाचक युवराज पांडे के मुखारविंद से माता की महिमा को वर्णन किया उसके बाद गांव की गलियों में भ्रमण किया, और कथा समाप्त हुआ। इधर नौ दिनों तक विशाल भोग भंडारा अर्जुन सुंदनी नयापारा राजिम के सहपारिवार द्वारा भोजन प्रसादी हजारों लाखो श्रद्धांलुओं कों रोजाना कराया, नौ दिनों के बीच कई और दानदाताओं ने भी भंडारा कराया, जिसमे बलराम साहू के सहपरिवार द्वारा पंचमी पर कराया। आयोजक समिति ने सभी दान दाताओं व भक्तों का हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि आने वाले समय में इसी तरह माता सेवा सहयोग बना रहे।

## कांग्रेस का एक्शन प्लान, देहारगुड़ा में बूथ व पंचायत अध्यक्षों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर



संगठन सृजन के जरिए कांग्रेस द्वारा जिला और ब्लॉक अध्यक्षों की ताजपोशी के बाद अब कांग्रेस हाईकमान कांग्रेस को जमीन स्तर पर मजबुत करने एक्शन प्लान तैयार किया है जिसके तहत हर वार्ड से लेकर ग्राम पंचायत स्तर मे अध्यक्ष की नियुक्ति किया जाना है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा शुक्रवार को ग्राम पंचायत देहारगुड़ा में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में शामिल होने बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव स्वयं पहुंचे। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 05 पंचायतों के अध्यक्ष का आज सर्वसम्मति से चयन किया है जिसमें देहारगुड़ा पंचायत से अध्यक्ष महेश दीवान को चुना गया है। वहीं बूथ अध्यक्ष पवन दीवान को नियुक्त किया गया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से रणनीति तैयार की गई है। इस दौरान बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने कहा की कांग्रेस संगठन को ग्राम पंचायत से लेकर वार्ड स्तर मे मजबुत करना है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को कांग्रेस से जोड़ना है और कांग्रेस को पूरी मजबूती के साथ क्षेत्र के समस्याओं के समाधान और मांगों को लेकर आंदोलन करने की जरूरत है। प्रभारी खेदु नेगी ने कहा की कांग्रेस संगठन अब पंचायत स्तर में अध्यक्ष नियुक्ति के बाद पहले से ज्यादा मजबूत होगा और इसका लाभ आगामी चुनाव में देखने को मिलेगा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा की कांग्रेस संगठन में अब गुटबाजी के लिए कोई जगह नहीं है। सबको साथ मे लेकर संगठन को मजबूत करने कार्य कर रहे है। उन्होने कहा की हमारे पुराने अनुभवी कार्यकर्ताओ का मार्गदर्शन लेना है उन्हे भी अब बैठक में लाने प्रयास करना है। इस मौके पर प्रमुख रूप से महामंत्री गेंदु यादव, हरिश्वर पटेल, खेलन साहू, नेयाल नेताम, सोहन नागेश, रामप्रसाद दीवान, पवन जगत, डोमार साहू, लिकेश यादव, दुलेन्द्र नेगी, डिगेश्वरी सांडे, लताबाई मरकाम, लोकेश सांडे, जुगलाल दीवान, कुंजबिहारी मरकाम, केसर नेगी, लीलाधर, महेश दीवान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डांगनबाय में जंवारा विसर्जन, शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा



ग्राम डांगनबाय में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर मां शीतला मंदिर प्रांगण में स्थापित जोत जंवारा का कार्यक्रम पूरे विधि-विधान एवं श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। नौ दिनों तक ग्रामवासियों द्वारा मां दुर्गा की पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन एवं जस गीतों के माध्यम से भक्ति का वातावरण बना रहा। नवरात्रि के समापन दिवस पर आज जंवारा विसर्जन कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर गांव में भव्य मंगल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। मादर की थाप और जस गीतों की गूंज के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। महिलाएं, युवा एवं बुजुर्ग सभी श्रद्धा भाव से सेवा करते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा ग्राम के प्रमुख मार्गों से होते हुए गंगा स्नान स्थल तक पहुंची, जहां विधिपूर्वक जंवारा का विसर्जन किया गया। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से गांव की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। इस धार्मिक आयोजन में ग्राम के प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से पांडा हीरालाल ध्रुव, बैगा लखन यादव, रामशरण ध्रुव, सोनू ध्रुव, ग्राम पटेल आदूराम साहू, बलदाऊ साहू, शीतल ध्रुव, मूलचंद साहू, सीताराम कंवर, हेमंत नेताम, रामू यादव, विशेषर कंवर, राम रतन साहू, जयराम साहू, सेवक राम, आनंद राम, हुलास रामसेन, कथूराम, मन्नू, पुराणिक, ओमप्रकाश, नारद, कमलेश, पुरुषोत्तम, जय लाल, डिगेंद्र, डोमेश्वर ध्रुव, मायाराम यादव, तुलस कंवर, राजेंद्र ध्रुव, सत्ता राम साहू, राजकुमार, ईश्वर, टीकम, बैजू, खिलावन, भूपेंद्र सहित सेवक समाज महिला मंडल, ग्रामवासी, युवा साथी एवं आसपास के ग्रामों से पहुंचे भक्तगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा गया। पूरे आयोजन में अनुशासन एवं आपसी सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला। इस प्रकार ग्राम डांगनबाय में चैत्र नवरात्रि का यह पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ, जिसने ग्रामीणों के बीच एकता और धार्मिक आस्था को और मजबूत किया।

### श्रीमद भागवत कथा में शामिल हुए नपाध्यक्ष

**महासमुंद।** ग्राम लाफ़निखुर्द में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने भागवत भगवान व भगवताचार्य यामिनी देवी का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए कहा कि भागवत रूपी अमृत कथा का श्रवण अपने आप में मोक्ष का द्वार है।

PRP/GFC
तकनीक द्वारा
गंजेपन का ईलाज



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

**चट्टानों को पार कर माता के दर्शन और कथा श्रवण के लिए पहुंचे श्रद्धालु**

## महा अष्टमी पर झरझरा देवी मंदिर में भक्तों का उमड़ा सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोपरा





गुरुवार को क्षेत्र के सुप्रसिद्ध प्राकृतिक वादियों से घिरा हुआ जंगलों की देवी डोंगरी पहाड़ी पर बसे मां झरझरा मंदिर पर चैत्र नवरात्रि की महा अष्टमी के दिन भक्तों का आस्था उमड़ आया सुबह से ही हजारों भक्तों ने अपने परिवार के साथ मां झरझरा मंदिर में पहुंचकर दर्शन किया। वहीं शाम होते-होते क्षेत्र के ग्रामों से व दूर दराज से हजारों लोगों की भीड़ के कारण मंदिर में जगह तक नहीं बची, झरझरा मंदिर के इतिहास में ऐसी भीड़ पहली बार हुई है जहां चैत्र नवरात्रि के पंचमी के बाद से ही भक्तों की तादाद बढ़ गई थी विशेष कर महा अष्टमी के दिन मंदिर में भक्तों की भीड़ और अधिक बढ़ गई झरझरा मंदिर मैं आस्था 501 दीप प्रज्वलित ज्योति कलश और श्रीमद् देवी भागवत पुराण के आयोजन के चलते हजारों लाखों के संख्या में श्रद्धालु चट्टानों पर चढ़कर झरझरा मंदिर दर्शन व कथा सुनने पहुंचे जो मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ था 2:00 बजाते ही भक्तों का जमावड़ा ऐसा लगा कीपैड रखने के लिए भी जगह नहीं बचे देर रात तक भक्तों का आवाजाही मंदिर में लग रहा जो झरझारा के इतिहास में पहली बार इतनी भीड़ में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे।

**विधि-विधान से हुआ महाअष्टमी हवन-** झरझरा मंदिर दरबार पर चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अष्टमी हवन पूजन विधि पूर्वक संपन्न हुआ। झरझरा मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष ढालू साहू, कथा आयोजन अध्यक्ष रेखराम साहू, पूरे आयोजन के कर्णधार व सचिव अनिल साहू, सरपंच दीपक ध्रुव, रुपेश साहू, एवन साहू, कामता साहू, येन सिंह, रोशन साहू, रोहित साहू, भिखारी साहू, खिलावन साहू, अक्षु साहू, आगेश साहू, बलराम साहू, विक्की साहू, सुरेंद्र साहू, युगल किशोर, गुलाब ध्रुव, चम्मन साहू, उगेश साहू, सहित पुरे सदस्यगणों तथा संरक्षक हेमंत सांग, अभिषेक चतुर्वेदी, इंद्रजीत महाडिक, शिवांगी चतुर्वेदी, अर्जुन सुंदरनी योगेश साहू के उपस्थिति में आयोजन संपन्न हुआ हवन पूजन विशेष रूप से मां दुर्गा को प्रसन्न करने और नकारात्मक ऊर्जा को नष्ट करने के लिए किया जाता है नौ दिनों की साधना की पूर्णहुति के रूप में इस दिन हवन कुंड में आहुतियां अर्पित की जाती है साथ ही भक्तगण माता रानी से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई, 25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411